NEW PARRAMATTA RD

# पैरामाटा रोड गलियारे (Corridor) की नगरीय रूपान्तरण कार्यनीति पर अब अन्तिम निर्णय ले लिया गया है।

**पैरामैटा रोड गलियारे के किनारे-किनारे की काउन्सिलों व समुदायों के साथ तीन वर्ष तक सहयोग व विचार-विमर्श करने के बाद हमारे पास अब एक कार्यनीति है जो विकास, परिवर्तन व निवेश का मार्गदर्शन करेगी।**



*ग्रैनविल सीमाक्षेत्र का कलाकार द्वारा अंकन। केवल सांकेतिक। बदला जा सकता है।*

## पैरामैटा रोड गलियारे के लिए कार्यनीति की आवश्यकता क्यों है?

पैरामाटा रोड गलियारे की नगरीय रूपान्तरण कार्यनीति दो मुख्य आवश्यकताओं का उत्तर देती है: सिडनी के विकास को सहायता देना व इस गलियारे को रहने, काम करने व घूमने  के लिए एक बेहतर स्थान बनाना।

सिडनी को भविष्य के लिए योजना की आवश्यकता है। पैरामाटा रोड गलियारे द्वारा इस शहर की बढ़ोत्तरी में सकारात्मक भूमिका निभाने की क्षमता है और यह केन्द्रीय रीढ़ की हड्डी के समान है जो बृहतर सिडनी की दो सी बी डीयों (CBD) को जोड़ती है – पूर्व में सिडनी व पश्चिम में पैरामाटा। उद्योग, बिज़नेस व निजी लक्ष्यों के लिए यह गलियारा महत्वपूर्ण व आवश्यक यातायात मार्ग है व अनेकों जीवन्त समुदायों के लिए पसंदीदा रहने का स्थान है।

पैरामाटा रोड गलियारे के कुछ भागों में भारी ट्रेफ़िक व भीड़भाड़, सुविधा ओँ में कमी, बहुत अधिक खाली स्थानों व असंगठित या प्रभावरहित योजना नियंत्रण के कारण परेशानिया बढ़ गई हैं।

## यह कार्यनीति क्या करती है?

यह कार्यनीति, अगले 30 वर्षों में 27,000 नए घरों व पूरे गलियारे में विविध प्रकार के उद्योगों में 50,000 नई नौकरियों के काम को सफल बनाने के लिए दूरदर्शिता, भूमि के उपयोग व यातायात सिद्धान्तों को व्यवस्थित करती है।

यह एकीकृत भूमि के उपयोग संबंधी योजना व यातायात की रूपरेखा प्रदान करती है, जिससे कि भविष्य में भूमि के उपयोग में बदलाव को कई चरणों में किया जा सके और जिसका बुनियादी ढ़ाँचा प्रदान करने व धन मिलने (फ़न्डिंग) के साथ समन्वय किया जा सके, व घरों में निवेश, नौकरियों, यातायात, खुले क्षेत्रों व पब्लिक के लिए सुविधाओं द्वारा पैरामाटा रोड व आसपास के समुदायों में नया जीवन लाया सके।

## Parramatta Road Corridor के रूपान्तर का अर्थ होगा:

### विविधता
- घरों व नौकरियों में

### मिले-जुले सीमाक्षेत्र
- पब्लिक यातायात सेवाओं व सामुदायिक सुविधाओं के पास घर, नौकरियाँ व दुकाने

### बेहतर पब्लिक यातायात
- पैरामाटा रोड पर
- व पैदल व साईकिल वालों के लिए सड़के जोड़ने में सुधार लाना

### परंपरा व मनोहरता का आदर करना
- नए भवनों के आकार व डिज़ाइनों में बदलाव द्वारा

### लोगों के लिए बेहतर स्थान
- रहने, काम करने व घूमने के लिए
- व अधिक टिकाऊ समुदाय

### हरित स्थान
- प्राकृतिक तरीके से सजाए गए स्थान
- पार्क व खुले स्थान
- शहर में ख़रीददारी करने के लिए प्लाज़ा

## आगे क्या होगा?

यह कार्यनीति NSW सरकार की 30 वर्ष के लिए बनाई गई योजना है जिससे विकास में सहायता दी जा सके व पैरामैटा रोड गलियारे को रहने, काम करने व यहाँ घूमने आने के लिए बेहतर स्थान बनाया जा सके।

पिछले तीन वर्षों में पब्लिक के विचार जानने के लिए इस कार्यनीति के ड्राफ़्टों के दो प्रारूपों का प्रदर्शन किया गया है। अन्तिम ड्राफ़्ट के संबंध में 3,700 से अधिक लोगों के उत्तर मिले और इन उत्तरों ने कार्यनीति के वर्तमान रूप को जानकारी प्रदान की है।

गलियारे के रूपान्तर का काम अब आरम्भ हो सकता है। नीचे दी गई समय-सारिणी अभी तक की इस प्रक्रिया की रूपरेखा देती है और यह भी बताता है कि आगे क्या होगा।

| | |
|---|---|
| 2014 के अंत में | प्रारम्भिक ड्राफ़्ट कार्यनीति पर सामुदायिक विचार-विमर्श |
| फ़रवरी 2015 – मध्य सितम्बर 2015 | राजकीय एजेन्सियों व स्थानीय काउन्सिलों के साथ ड्राफ़्ट कार्यनीति तैयार की गई |
| मध्य सितम्बर 2015 – दिसम्बर 2015 | ड्राफ़्ट कार्यनीति पब्लिक के लिए प्रदर्शित |
| जनवरी 2016 – सितम्बर 2016 | लोगों की फ़ीडबैक पर विचार किया गया, विचार-विमर्श के परिणामों की रिपोर्ट, (मई 2016), ड्राफ़्ट कार्यनीति को संशोधित किया गया |
| **हम यहाँ पर हैं** नवम्बर 2016 | सरकार द्वारा कार्यनीति को अपनाया गया व ज़ारी किया गया |
| नवम्बर 2016 – अक्टूबर 2017 | वैधानिक नियोजन आरम्भ किया गया<br>शहर संबंधी सुविधाओं में सुधार परियोजनाओं की योजना बनाना आरम्भ करना |
| 2016 के अन्त में | बृहत्तर सिडनी कमीशन द्वारा डिस्ट्रिक्ट योजनाओं को पब्लिक के लिए प्रदर्शित किया गया |
| 2017 के बाद में | वैधानिक नियोजन जारी है।<br>शहरों की सुविधाओं में सुधार का काम आरम्भ |
| 2018 के बाद में | विकास संबंधी मूल्यांकन व निर्माण कार्य |

यह रणनीति भूमि को किसी नए क्षेत्र (rezone) में नहीं डालती है पर भविष्य में नए क्षेत्र में डालने के आवेदन-पत्रों पर विचार करने के बारे में मार्गदर्शन करती है।

इस कार्यनीति को लागू करने के लिए हर स्तर की सरकारों को भूमिका निभानी होगी। किसी भी भूमि के उपयोग में परिवर्तन (rezonings) पर विचार किया जाएगा, जिसके लिए मौजूदा वैधानिक योजना सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। इसे काउन्सिलों द्वारा स्थानीय पर्यावरण योजना [local environmental plan (LEP)] के संशोधन व विस्तृत पुन: विचार की प्रक्रिया से किया जा सकता है, या फिर भूमि के मालिकों या भूमि विकास कर्ताओं द्वारा योजना के प्रस्ताव तैयार करके, या योजना व पर्यावरण के प्राथमिक सीमाक्षेत्रों संबंधी कार्यक्रम विभाग [Department of Planning and Environment's (DPE) Priority Precincts program ] द्वारा।

मंत्री का निर्देश इस कार्यनीति व लागू करने के साधनों के सेट को वैधानिक (क़ानूनी) महत्व प्रदान करता है व भूमि के उपयोग व यातायात के प्रस्तावों को उनके साथ एकरूपता दिखाना आवश्यक होता है। यह काउन्सिलों को अधिकार देता है कि वे योजना के प्रस्तावों पर स्पष्ट व महत्वपूर्ण संदर्भ में विचार करें।

यह कार्यनीति, केन्द्रीय व केन्द्रीय पश्चिमी डिस्ट्रिक्ट दोनों, जहाँ गलियारा स्थित है, की ड्राफ़्ट डिस्ट्रिक्ट योजनाओं को जानकारी देगी। एक बार बनने के बाद फिर डिस्ट्रिक्ट योजनाएँ, संबंधित LEPs व DPE's के प्राथमिक सीमाक्षेत्रों संबंधी कार्यक्रम द्वारा लागू होंगी।

इस कार्यनीति को लागू करने में सहायता के लिए एक कार्यन्वन योजना *2016-2023 (Implementation Plan 2016-2023)* छोटे समय के चरणों की रूपरेखा देती है, प्रथम भूमि जिसके उपयोग में परिवर्तन किया जाएगा उसका  नक्शा बनाती है व इसको सहायता देने के लिए जो बुनियादी ढ़ाचा चाहिए उसकी पहचान करती है।

## भविष्य के विचार-विमर्श

इस कार्यनीति को लागू करने के लिए लगातार कार्य करना शामिल होगा। भविष्य में दुबारा ज़ोन बनाने के प्रस्तावों की पब्लिक प्रदर्शन प्रक्रिया द्वारा, समुदाय व अन्य हिस्सेदार गलियारे के रूपान्तर में अपने महत्वपूर्ण कार्य को जारी रख सकते हैं।

## क्या आप अधिक जानना चाहते हैं?

इस कार्यनीति को अन्य लोगों के विचारों ने किस प्रकार जानकारी दी है, लागू करने के साधनों के सेट व तथ्य-पत्रों को देखने के लिए हमारी वेबसाईट पर जाएँ।

*जबकि यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश की गई है कि छपने के समय इस  दस्तावेज़ में दी गई जानकारी सही है, UrbanGrowth NSW (जिसमें उसके एजेन्ट व कर्मचारी भी शामिल हैं) इस बारे में कोई वारन्टी नहीं देता कि इस दस्तावेज़ में दी गई जानकारी सही या पूर्ण है। इन सूचना पत्रों में जिन धारणाओं पर विचार किया गया है वे सब ही सरकारी नीतियों को नहीं दर्शाती या सभी धारणाएँ प्रभावशाली रूप से विचाराधीन नहीं हैं। UrbanGrowth NSW, इस पूरे दस्तावेज़ या इसके किसी अंश में जो बताया गया है उसमें से कुछ भी करना या जो करने की प्रतिज्ञा की गई है उसके प्रति किसी भी व्यक्ति के किसी भी या सभी दायित्वयों को अस्वीकार करता है।*

## पैरामैटा रोड नगरीय रूपान्तरण  कार्यनीति (Parramatta Road Urban Transformation Strategy) के विषय में

यह  कार्यनीति, भूमि उपयोग नियोजन व यातायात की एकीकृत रूपरेखा है जो विकास व पश्चिम में ग्रैन्विल व पूर्व में कैम्परडाउन के बीच 20 किलोमीटर लम्बे पैरामैटा रोड गलियारे का कई चरणों में प्रदान किए जाने वाले आधारभूत ढ़ाँचे का मार्गदर्शन करेगी। इस कार्यनीति में सहायता देने के लिए लागू करने के साधनों का सेट (Implementation Tool Kit) भी शामिल है - कागज़ातों का संग्रह जो इस कार्यनीति को विस्तृत रूप से लागू करने के लिए मार्गदर्शन व जानकारी प्रदान करेगा।


यह कार्यनीति व लागू करने के साधनों का सेट, अधिक खुले स्थानों, अधिक आकर्षक सड़कों, ट्रैफ़िक की भीड़ कम करने, पब्लिक यातायात में सुधार व निवासियों व व्यवसायों के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करने की सामुदायिक प्राथमिकताओं की प्रतिक्रिया के रूप में हैं।

यह कार्यनीति व लागू करने के साधनों का सेट, 2013 से राज्य व स्थानीय सरकारों के बीच विस्तृत सहयोग का परिणाम हैं और इनके साझेदारों के साथ व्यापक विचार-विमर्श तथा अनेकों टेक्निकल अध्ययनों व जाँच-पड़ताल करने के बाद तैयार किए गए हैं।

इस गलियारे के अन्दर, आठ सीमाक्षेत्र (Precincts) विकास व नवीकरण के केन्द्रबिंदु होंगे। इन्हें इनके यातायात, खुले स्थानों व आधारभूत ढ़ाँचे तथा इन स्थानों की अधिक घर बनाने के लिए जगह होने व नौकरियाँ प्रदान करने की क्षमता के कारण चुना गया है।

हर सीमाक्षेत्र संबंधी योजना इस प्रकार बनाई गई है जिससे वहाँ भिन्न प्रकार के घर, नौकरियाँ व पब्लिक स्थान बनाए जाएँ और जो इस स्थान की विशेषताओं व परम्पराओं के प्रति संवेदनशील हो।

ये सीमाक्षेत्र हैं:




ये सीमाक्षेत्र  किनारों पर एक दूसरे से जुड़े होंगे और जो इस गलियारे के रूपान्तरण को पूरा करने में योगदान देंगे।

**अधिक जानकारी के लिए इस कार्यनीति को ऑनलाईन www. urbangrowth.nsw.gov.au/projects/parramatta-road पर देखें।**

Hindi


1300 730 627 info@newparramattard.com.au urbangrowth.nsw.gov.au

Interpreter 131 450 **हम आपकी भाषा बोलते हैं** यदि आपको दुभाषिया चाहिए तो अनुवाद व दुभाषिया सेवा को फ़ोन करें

urbangrowth.nsw.gov.au

NSW GOVERNMENT UrbanGrowth NSW

# एकीकृत भूमि का उपयोग व यातायात की अवधारणा




अगले 30 वर्षों में इस गलियारे में **27,000 नए घरों में 56,000 नए लोग** रहेंगे। इसके साथ-साथ **50,000 नई नौकरियाँ** भी निर्मित होंगी।

- $31 अरब मूल्य का विकास हासिल होगा
- ये आठ सीमाक्षेत्र विविध व लचीली अर्थव्यवस्था, नए घर, दुकानें, सेवाएँ व मनोरंजन-सुविधाएँ प्रदान करेंगे
- गलियारे में बेहतर पब्लिक यातायात व कई पैदल व साईकिल के रास्ते होंगे
- यह गलियारा अधिक हरा-भरा होगा जिसमें अधिक पेड़, सुंदरता से बनाए गए प्राकृतिक दृश्य, पार्क व खुले स्थान होंगे
- भविष्य में मोहल्लों को सहायता देने के लिए अधिक सामुदायिक सहायता
- नए भवन व सार्वजनिक स्थल उत्तम डिजाइन वाले होंगे
- विरासत का आदर करना
- पानी व उर्जा के उपयोग में कमी